Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 06-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title: Need to restore the rights of farmers to cultivate their land presently under possession of Army in Sagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, सागर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत फील्ड फायरिंगक रेंज बम्होरी बीका के अंतर्गत ग्राम बेरखरी गुरू, लड़ैयापूरा, सुल्तानपुरा, तालचिरी, मझगुवा अहीर, मझगुंवा ग्रंट, बीरकठेली, मेनपानी, पथरियाजाट, बाबूपुरा, सिंरोजा के मजदूरों एवं किसानों के समक्ष गहन रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस क्षेत्र के इन गांवों की कृाि योग्य भूमि सुरक्षा ि वभाग द्वारा फील्ड फायरिंग रेंज हेतु 1973 में अर्जित की गयी थी। तत्संबंध में ग्रामवासियों द्वारा आपत्ति करने पर उनको आश्वासन दिया गया था कि आप लोग जिस प्रकार से अंग्रेजी शासन काल से खेती करते चले आ रहे हैं उसी तरह हमारे लिए जमीन देने पर भी कृाि कार्य करते रहेंगे एवं कृाक तभी से उस भूमि पर कृाि करते आ रहे थे किंतु 1992 में एकाएक सेना ने कृाि कार्य एवं सभी निस्तार बंद कर दिए जिससे इस क्षेत्र के मजदूरों के साथ ही किसान भी रोजी रोटी को मोहताज हो गये तथा वह किसान दूसरों के खेतों पर मजदूरी करने को विवश हो गये हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जो कृाि योग्य भूमि उसे उन्हीं कृाकों को लीज पर दिलायी जाये तथा लीज की उर्वरक कम से कम 10 वा होना चाहिए जब रक्षा विभाग को आवश्यकता होगी किसान उसे वापिस करने को तैयार है।